Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Passport/Visa problem faced by students from Punjab.

श्री जसबीर सिंह गिल: स्पीकर साहब, आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, आपका धन्यवाद। हमारे पंजाब से बहुत सारे नौजवान पढ़ने के लिए बाहर जाते हैं। वहां इतनी बड़ी समस्या है कि अगर कोई पासपोर्ट की अपॉइंटमेंट मांगता है तो उसको तीन-तीन महीने की अपॉइंटमेंट मिलती है। अगर हम आज पासपोर्ट के लिए अप्लाई करेंगे तो मार्च में हमको मौका मिलेगा।

12.16 hrs (Shri Rajendra Agrawal in the Chair)

इससे बहुत ज्यादा तकलीफ हो रही है। … (व्यवधान) वहां पासपोर्ट ऑफिस है, आरपीओ डिपार्टमेंट जो अमृतसर में है, वह अच्छा काम कर रहा है। लेकिन पासपोर्ट बनाने वाले जो हमारे कन्सलटेंट्स हैं, उनको डायरेक्शन दी जाए कि वे अपना स्टाफ बढ़ाएं, अपने वर्किंग ऑवर्स बढ़ाएं। कोई भी नया पासपोर्ट बनाने की जो अपॉइंटमेंट है, वह तीन महीने नहीं, बल्कि तीन-चार दिन या ज्यादा से ज्यादा सात दिन की होनी चाहिए ताकि हमारे नौजवानों और हमारे लोगों को इससे कोई तकलीफ न हो। धन्यवाद। जय हिंन्द।